

# रिवर्सिबल पिनाफ्रॉस ड्रेस

**इस ट्यूटोरियल में सीखेंगे कि एक रिवर्सिबल पिनाफ्रॉस ड्रेस कैसे बनाएं।**



## आवश्यक सामान

**दो मैचिंग प्रिंट या प्रिंट कॉम्बिनेशन का 45 इंच चौड़ा 1 मीटर कपड़ा.**
**रिवर्सिबल पिनाफ्रॉस ड्रेस टेम्प्लेट जिसे आप हमारी वेबसाइट www.ushasew.com से डाउनलोड कर सकते हैं**
**पानी से मिटने वाला मार्कर**
**कैंची**
**मैचिंग धागा**
**और पिंस**



हम पहले टेम्पलेट के अनुसार कपड़े को काटना, कपड़े के बाहरी और आंतरिक टुकड़ों को एक साथ जोड़ना, सभी चिह्नित लाइनों पर सिलाई करना सीखेंगे। हम फिर विपरीत हिस्सो को जोड़कर पीछे का पैटर्न बनायेंगे और फिर कंधों को सिलेंगे।



## चरण 1- टेम्प्लेट निशान लगाना और काटना

अपनी पसंद का कोई भी उज्ज्वल और अच्छा प्रिंट का कपड़ा लें, हमने इस सुन्दर कपड़े का उपयोग किया है। दिखाए अनुसार इसे बीच से मोड़ें। इस ट्यूटोरियल के लिए हम इस हिस्से को सीधा और इसको उल्टा मानेंगे। अब कपड़े के उल्टे हिस्से पर रिवर्सबल पिनाफ्रॉस ड्रेस के टेम्पलेट को रखें। यह टेम्पलेट 4-5 साल की लड़की के लिए है।



कपड़े पर रखते समय यह सुनिश्चित करें कि जो हिस्सा तह पर है, वह तह के ऊपर आए। जैसा कि टेम्प्लेट पर बताया गया है, यह पीछे का हिस्सा है और यह सामने का। कुछ पिंस से इसे सही जगह पर पिन करें। पिन को कपड़े की दोनों परतों पर लगा होना चाहिये। यह आपको निशान लगाते समय अतिरिक्त स्थिरता देगा। अब मार्कर लें और कपड़े पर टेम्पलेट के अनुसार निशान लगाएं। यह करने के बाद, कपड़े से पिन निकालें और कैंची से लगाए गए निशान के अनुसार काटे। काटने के बाद कपड़ा इस तरह दिखना चाहिए। इसके बाद हम रिवर्सिबल ड्रेस के अन्य हिस्से पर काम करेंगे।





एक कपड़ा लें जो मूल कपड़े को मैच करता हो और इसे आधे में मोड़ें। हम इसके उल्टे साइड पर काम करेंगे। एक बार फिर से, यह उल्टा हिस्सा है और यह सीधा। हम इस कपड़े पर भी ड्रेस टेम्पलेट रखेंगे। उसी प्रक्रिया को दोहराएं, टेम्पलेट को रखें, इसे एक पेन या चाक के साथ चिह्नित करें और इसे काटें।

## चरण 2- दोनों कपड़े को जोड़ना



दोनों कपड़ों को एक दूसरे के ऊपर रखें, सीधा हिस्सा आमने सामने होना चाहिए और पिन लगा दें। अब पिन किए गए कपड़े को अपने ऊषा जनोम माय फैब बार्बी सिलाई मशीन पर रखें। कंधों के किनारे में से एक किनारे को प्रेसर फुट से संरेखित करें और डायल की जांच करें। पैटर्न स्टिच सिलेक्टर ए पर सेट होना  चाहिए जो सीधे टाँके के लिए है और सिलाई की लंबाई 2.5 होनी चाहिए। सिलाई शुरू करें और शुरुआती कुछ टांके लगाने के बाद उन्हें मजबूत करने के लिए रिवर्स टांके लगाएं और आगे सिलते रहें। नीचे की तरफ और दूसरे कंधे की तरफ सिलते रहें और पिन हटाते रहें। जब आप आखिर मे पहुंचे तो रिवर्स टांके लगाना न भूलें अगले भाग पर जाने से पहले जो कि आर्म होल है। लेकिन याद रखें कि हमें अभी के लिए कंधों को खुला छोड़ना है।









सिलाई जारी रखें और दूसरे छोर की ओर सिलते रहें। सिलते समय पिन को ध्यान से निकालें। पहले की तरह कंधे को खुला छोड़ दें और सिलाई शुरू करें और नेकलाइन को सिलें। चारो तरफ सिलने के बाद आखिर मे रिवर्स टांके लगाएं। हमारे पास सिलने के लिए एक और भाग है। इस कंधे को भी छोड़ दें और आर्महोल को सिलें। तब तक सिलते रहें जब तक आप अंत तक न पहुँच जाएँ और इसे रिवर्स टांके लगा के पूरा करें। अच्छी फिनिशिंग के लिए सभी अतिरिक्त धागे काट लें। संक्षिप्त मे, हमने किसी भी कंधे को नहीं सिला है, लेकिन नेकलाइन, आर्महोल और रिवर्सेबल पिनाफ्रॉस ड्रेस के निचले हिस्से को सिला है। अब हमें ड्रेस को नोचेस लगाने होंगे । नीचे से शुरू करें और नोचेस देते समय सीम को न काटें। नीचे नोचेस लगाने के बाद, आर्महोल और फिर नेकलाइन को नोचेस लगाने ।



ये निशान कपड़े में सर्कुलर सीम को समतल करने में मदद करेंगे ताकि जब आपकी छोटी लड़की इसे पहने तो यह अच्छी तरह से बैठ जाए। इसके बाद हम एक बिना सिले हुए कंधे को लेंगे और इसके अंदर के हिस्से को बाहर करेंगे जैसा कि ट्यूटोरियल में दिखाया गया है। इसे आराम से करें ताकि कोई भी टाँका न निकले। सभी कोनों को सही करें और उन्हें सीधा करें।





यह सुनिश्चित करने के लिए कि वे सही से बैठे और मुड़े नहीं, हम सीम लाइनों को इस्त्री करेंगे। इस्त्री करते समय इसे ठीक करते रहें।





## चरण 3- ड्रेस के पीछे के हिस्से को बनाना









ये करने के बाद, सामने के खुले कंधे को लें और इसे ट्यूटोरियल में दिखाए अनुसार पिछले कंधे पर लाएं और सामने के कंधे को एक चौथाई इंच अंदर की ओर मोड़ें। यह थोड़ा मुश्किल है इसलिए ध्यान से करें। सामने वाले कंधे को मोड़ने के बाद, पीछे के कंधे को खुले हुए हिस्से में डालें और पिन लगा दें। हम दूसरी तरफ भी यहीं प्रक्रिया दोहराएंगे। पीछे के कंधे को सामने के कंधे पर लाएं और सामने वाले कंधे को एक चौथाई इंच अंदर की ओर मोड़ें। इसे बड़ी सफाई से करें और फिर पीछे के कंधे को खुले हुए हिस्से में डालें। इसमे पिन लगा दें।



हमारी प्यारी पिनाफ्रॉस ड्रेस लगभग तैयार है। अब हम उन कंधों को सिलेंगे जिनमे हमने पिन लगाया था। दोनो कंधों में से एक को प्रेस्सेर फुट के किनारे पर संरेखित करें और सिलाई शुरू करें, पिन को हटाते रहें और रिवर्स टांके लगाना न भूलें। ये अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। दूसरी तरफ भी यही प्रक्रिया दोहराएं। ये करने के बाद, इसे अच्छी फिनिश देने के लिए सभी अतिरिक्त धागे काट लें। हमारी ड्रेस पूरी हो गई! यह सामने का हिस्सा है और यह पीछे का हिस्सा है। आप ड्रेस को उल्टा कर के भी पहन सकते हैं। हमने आर्महोल, नेकलाइन और कंधों को सिल दिया है।



यह कितना प्यारा लग रहा है! हमें यकीन है कि आपकी छोटी लड़की इस रिवर्सेबल पिनाफ्रॉस ड्रेस मे बहुत प्यारी लगेगी। यह दोनों तरफ से पहनी जा सकने वाली ड्रेस है और आप हर बार एक नई ड्रेस पहन सकते हैं। अलग दिखने के लिए आप इसे अलग कपड़ो से भी बना सकते हैं।